भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4598

उत्तर देने की तारीख: 19.03.2026

ईएमआरएस की स्थिति

† 4598. श्री कालिपद सरेन खेरवाल:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्वीकृत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में से तीस प्रतिशत वर्तमान में कार्यरत नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या ईएमआरएस में स्वीकृत कुल शिक्षण तथा गैर-शिक्षण पदों में से लगभग सत्तर प्रतिशत पद रिक्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी विद्यालयवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) दिनांक 15.03.2026 तक, 723 ईएमआरएस को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 499 ईएमआरएस को राज्य सरकारों द्वारा कार्यात्मक बना दिया गया है। शेष ईएमआरएस निर्माण कार्य के विभिन्न चरणों में हैं और राज्य सरकारों को यह सलाह दी गई है कि वे इन स्कूलों को उपलब्ध सरकारी या किराए के भवनों में कार्यात्मक करें। ईएमआरएस के निर्माण में देरी का मुख्य रूप से बड़ा कारण बाधा मुक्त भूमि का उपलब्ध न होना, उचित संपर्क सड़कों का न होना, भौगोलिक स्थिति संबंधी चुनौतियां आदि हैं।

(ख) 12वीं कक्षा तक के 480 छात्रों की पूर्ण संख्या वाले ईएमआरएस के लिए प्रति ईएमआरएस 31 शिक्षण पद और 21 गैर-शिक्षण पद स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि, 15.03.2026 तक, 499 ईएमआरएस विभिन्न स्तर की कार्यात्मक कक्षाओं के साथ कार्यशील हैं। ईएमआरएस में भरे गए पदों की संख्या सेक्शनों की संख्या, छात्रों की संख्या और कार्यात्मक उच्चतम कक्षा पर निर्भर करती है।

एनईएसटीएस ने ईएसएसई-2023 के माध्यम से 10391 पदों की सीधी भर्ती के लिए अपना पहला अभियान चलाया और चयनित कर्मचारियों को विभिन्न ईएमआरएस में तैनात किया गया है। ईएसएसई-2023 के माध्यम से कुल 9111 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, ईएसएसई-2025 के तहत 7267 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती का दूसरा चरण शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारें रिक्तियों के सापेक्ष में अतिथि शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बाह्य स्रोत (आउटसोर्सिंग) आधार/स्थानीय नियोजन के आधार पर नियोजित कर रही हैं, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां बाधित न हों।

****